मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com   www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–16, अंक–10, अक्टूबर 2016

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## बिहार में स्मार्ट सिटी के साथ आगे बढ़ने को तैयार कामधेनु लिमिटेड





भारत की नंबर वन टीएमटी निर्माता कंपनी, कामधेनु लिमिटेड दो दशकों से भी अधिक से भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में लगातार योगदान दे रहा है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत भारतीय शहरों के अंदर होने वाले जबरदस्त इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए वातावरण तैयार करना और उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री उपलब्ध कराना कंपनी अपनी प्राथमिकता समझती है। इसी दिशा में, कामधेनु लिमिटेड ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बिहार में होने वाले विकास के मद्देनजर डीलर्स को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक डीलर्स मीट का आयोजन किया।

कामधेनु लिमिटेड ने स्मार्ट सिटी परियोजना के लिए अपने डीलर्स की तैयारी शुरू कर अपनी व्यावसायिक दूरदर्शिता का परिचय दिया है, जिसके भविष्य में दूरगामी परिणाम मिलेंगे और बिहार में होने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के दौरान कंपनी को बड़ी बाज़ार हिस्सेदारी मिलेगी। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बिहार के तीन ज़िले **मुज़फ्फरपुर, भागलपुर** और **बिहार शरीफ** प्रस्तावित है, और यहां पर बड़े पैमाने पर औद्योगिक, ढांचागत एवं बुनियादी विकास किया जाना है। इस विकास के लिए बड़े पैमाने पर स्टील उत्पादों एवं विनिर्माण सामग्री की आवश्यकता होगी। इसे ध्यान में रखते हुए आगरा के वार्षिक डीलर्स मीट का महत्व बहुत अधिक है।

आगरा के होटल जे पी पैलेस में में आयोजित इस डीलर्स मीट में बिहार के लगभग 350 डीलर्स सम्मिलित हुए। डीलर्स मीट में कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल, वरिष्ठ महाप्रबंधक, श्री एस. बी. शर्मा, कामधेनु के बिहार के प्रभारी श्री संतोष कुमार सिंह, वरिष्ठ ब्रांड प्रमोशन प्रबंधक श्री चंदन गोस्वामी मौजूद थे। राज्य में लाइसेंस के तहत कामधेनु टीएमटी रिबार की निर्माता कंपनी मेसर्स दादीजी स्टील प्रा. लिमिटेड के निदेशकगण श्री रमेश गुप्ता, श्री विजय गुप्ता, श्री बिनय सिंह तथा श्री शिशिर गुप्ता ने भी इस बैठक में भाग लिया।

विकास की भावना के साथ हुए इस इस सफल आयोजन के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कामधेनु डीलर्स को विकास एवं मार्केटिंग के गुर सिखाए गए। अधिकारियों ने उपस्थित डीलर्स को कामधेनु उत्पादों की विश्वसनीयता और गुणवत्ता के विषय में बताया और कहा कि कामधेनु उत्पाद नई निर्माण तकनीकों के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हैं।

कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने इस मीट में डीलर्स के सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि, ''कंपनी के विकास में जितना योगदान कंपनी के उत्कृष्ट उत्पादों का है उतना ही योगदान हमारे डीलर्स का भी है। बिहार के डीलर्स के अच्छे प्रदर्शन ने हमें बिहार मे एक बड़ा ब्रांड बनने में मदद दी है और राज्य में हम लगातार आगे बढ़ रहे है। मुझे पूरा भरोसा है कि आज की बैठक के बाद हम सब और भी अधिक ताक़त और लगन से सम्मिलित प्रयास करेंगे और राज्य के विकास में नए मानदंड बनायेंगे।''

इस अवसर पर दादी जी प्रा. लि. स्टील के प्रबंध निदेशक श्री रमेश गुप्ता ने कहा, ''हम 11 वर्षो से कामधेनु से जुड़े हुए है और हमें खुशी है कि हम ऐसे ब्रांड से जुडे हुए है जो अपने उत्पादो की गुणवत्ता से समझौता नहीं करता है। अपनी बेहतरीन गुणवत्ता के कारण ही कामधेनु लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। बिहार में कामधेनु एक ब्रांड लीडर है और बिहार के विकास में बेहतरीन योगदान दे रहा है। मैं आपसे वादा करता हूँ कि कामधेनु टीएमटी रिबार के उत्पादन को हम बाज़ार मांग के अनुसार और भी बढ़ाते रहेंगे जिससे आप डीलर्स को कोई दिक्कत ना हो।''

भविष्य में बिहार के विकास में और भी बड़ा सहयोग देने की सोच और संकल्प के साथ यह वार्षिक डीलर्स मीट संपन्न हुआ। आगरा आए सभी डीलर्स को यहाँ स्थित विश्वप्रसिद्ध ताज़महल और आगरा क़िला देखने का भी अवसर प्राप्त हुआ।

BRICS
INDIA 2016

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत का बोलबाला



ब्रिक्स देशों का आठवां शिखर सम्मेलन सभी सदस्य देशों में आर्थिक विकास, व्यापार एवं आपसी सहयोग बढ़ाने की अपनी मूल भावना के साथ 15–16 अक्टूबर को गोवा में आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में आतंकवाद के मुद्दे पर भी जोरदार चर्चा हुई। इस सम्मेलन में ब्रिक्स के सभी पांच देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और साउथ अफ्रीका) ने आतंकवाद को एक अंतरराष्ट्रीय समस्या के रूप में स्वीकार किया और इससे निपटने के लिए भारत के द्वारा प्रस्तुत मसौदे पर सहमति जताई। ब्रिक्स में सदस्य देशों ने अपने आर्थिक विकास को तेज करने एवं सुगम ऋण की प्राप्ति के लिए ब्रिक्स विकास बैंक की पूंजी को 100 अरब डालर करने का फैसला भी किया।

यह सम्मेलन भारत के नज़रिए से बेहद सफल रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रभावी नेतृत्व के जरिए पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग–थलग करने में काफी हद तक सफलता प्राप्त की। विश्व की दूसरी महाशक्ति रूस ने सम्मेलन के दौरान भारत को हर क्षेत्र में मदद देने का भरोसा देते हुए उरी में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की। रूस ने भारतीय सेना द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक का पुरजोर तरीके से समर्थन भी किया।

ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने 39000 हजार करोड़ के रक्षा समझौते के साथ 16 समझौतो पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत भारत रूस से बेहद उन्नत विमान भेदी एवं मिसाइल रोधी प्रणाली एस–400 ट्रायंप और 200 कामोव हेलिकाप्टर खरीदेगा। इसके अलावा कुडनकुलम परमाणु प्लांट के विस्तार में तथा नागपुर –सिकन्दराबाद ट्रेन की स्पीड बढ़ाने के लिए भी रूस से करार हुआ। रूस ने मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत कामोव हैलिकाप्टर एवं दो युद्ध पोतों के निर्माण के लिए भारत में संयुक्त उपक्रम लगाने के समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। इन समझौतों से भारत को बड़ा सामरिक फायदा होने वाला है।

# राजस्थान में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

कामधेनु टीएमटी अपनी गुणवत्ता और श्रेष्ठता के लिए विख्यात है। बुरे मौसम और भूकंप को झेलने की ज्यादा ताकत वाला कामधेनु टीएमटी बिल्डिंग को लंबे समय तक सुरक्षित रखता है। इसीलिए आज ब्रांड कामधेनु देश भर के उपभोक्ताओं का सबसे भरोसेमंद ब्रांड बन चुका है।

निर्माण क्षेत्र के कामगारों को कामधेनु उत्पादों के फायदों की जानकारी देने के लिए राजस्थान के डूंगरपुर ज़िले के ठेकेदारों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 23 सितंबर, 2016 को KAMDHENU SS10000 सेल्स प्रोमोटर मेसर्स सैटर्न स्टील प्रा. लि. एवं स्थानीय डीलर श्री धनपाल भंवर लाल जैन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में डुंगरपुर और आस–पास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में ठेकेदार और राजमिस्त्री शामिल हुए। ज़िले के प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट श्री सतीश जी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।

श्री कीर्ति फलोट, मार्केटिंग ऑफिसर एवं श्री विशाल सक्सेना, एक्जीक्यूटिव मार्केटिंग ने इस बैठक का संचालन करते हुए उपस्थित निर्माणकर्मियों के बीच जानकारी बढ़ाने का काम किया। कार्यक्रम के दौरान श्री कीर्ति फलोट ने कंपनी के ऊपर आधारित एक प्रेजेन्टेशन पेश करते हुए कामधेनु उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता और आधुनिक तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। अपनी बात को समझाने के बाद उन्होंने कहा, ''कामधेनु लिमिटेड देश और समाज के विकास में निर्माणकर्मियों के योगदान को बहुत महत्व देता है। हमारी कंपनी देश के कोने–कोने में राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों के साथ मज़बूत संबंध बनाते हुए उन्हें मज़बूत बिल्डिंग बनाने में सहायता कर रहा है।''

मीट के दौरान कामधेनु अधिकारयों ने प्रतिभागियों के सवाल का अच्छी तरह से समझा कर जवाब दिया। कामधेनु टीएमटी की गुणवत्ता की जानकारी पा कर उपस्थित राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों ने इसका उपयोग अधिक से अधिक करने का इच्छा दिखाई।







# पंजाब डीलर्स ने की यूरोप की सैर

## स्मार्ट सिटी की अवधारणा से वाक़िफ हुए



देश का सबसे बड़ा टीएमटी रिबार ब्रांड कामधेनु उपभोक्ताओं की पहली पसंद है। देश भर में कामधेनु उत्पादों की जबरदस्त मॉग है और इस मॉग को पूरा करने का दायित्व कामधेनु डीलर्स बखूबी निभा रहे हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर निर्माण हेतु सही समाधान के लिए अच्छी सर्विस और सहयोग दे रहे कामधेनु के डीलर्स कंपनी की तरक्की में योगदान देने में बहुत आगे हैं। कामधेनु लिमिटेड भी अपने सभी डीलर्स की तरक्की और खुशी को एक बड़ी प्राथमिकता समझती है और अच्छा प्रदर्शन करने वाले चैनल पार्टनर्स के लिए नियमित तौर पर प्रोत्साहन योजनायें लाती रहती है।



हाल ही में इसी तरह की प्रोत्साहन योजना के तहत पंजाब के डीलर्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स को यूरोप के इंसेटिव टूर पर जाने का अवसर दिया गया। इस टूर पर पजाब के परफॉरमिंग डीलर्स 6 रात और 7 दिन की यूरोप यात्रा करने दो बैचों में गए। कुल 44 डीलर्स एवं कामधेनु अधिकारियों का पहला बैच 17 सितंबर से 24 सितंबर, 2016 के बीच यात्रा पर गया और इसमें पंजाब के डिस्ट्रीब्यूटर श्री आनंद मित्तल तथा कामधेनु के सीनियर जीएम श्री वी के गहलोत शामिल थे। वहीं 46 चैनल पार्टनर्स एवं कामधेनु अधिकारियों के अगले बैच ने 20 सितंबर से 27 सितंबर, 2016 के बीच यूरोप की सैर का आनंद लिया। दूसरे बैच में जाने वाले लोगों में डिस्ट्रीब्यूटर श्री प्रदीप गर्ग और श्री सुबोध सिंगला के साथ कामधेनु के सीनियर जीएम श्री दिलीप मेहरा, एजीएम श्री विवेक माहेश्वरी, सीनियर मैनेजर एकाउंट श्री कपिल कंसल एवं श्रीमति आरती कंसल शामिल थे। युरोप टूर का उद्देश्य कामधेनु डीलर्स को विकसित इन्फ्रास्ट्रक्चर वाले स्मार्ट सिटी को देखने समझने का अवसर देना भी था।

सभी लोगों ने यूरोप की इस टूर में वहाँ के तीन बेहद खूबसूरत देश फ्रांस, बेल्ज़ियम और नीदरलैंड की सैर की। दुनिया के फैशन का केन्द्र माने जाने वाले फ्रांस की राजधानी पेरिस की सैर करते हुए सभी लोग डिज्नीलैंड, एफिल टावर आदि प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को देखने गए और सीन नदी पर रिवर क्रूज़ का आनंद उठाया।

बेल्ज़ियम के ब्रूसेल्स में सभी लोग मैनेकेन पीस देखने गए। 1618 में बनाई गई फव्वारे में छोटे बच्चे की तॉबे की मूर्ति, मैनेकेन पीस दुनिया भर के पर्यटकों के बीच आकर्षण का केन्द्र है। इसके बाद सब एटोमियम देखने गए जो कि स्टील से बनी एक विशाल संरचना है। आयरन क्रिस्टल के स्वरूप को 16,500 करोड़ गुणा बड़े आकार में बनाए गए इस विश्व प्रसिद्ध एटोमियम संरचना की ऊँचाई 120 मीटर है और इसमें 18 मीटर डायमीटर के 9 गोले हैं। 2400 टन स्टील से निर्मित इस संरचना का पर्यटन स्थलों में एक महत्वपूर्ण स्थान है।

यात्रा के आखिरी पड़ाव में नीदरलैंड के दो शहर एमस्टरडैम और हेग की सैर की गई। एमस्टरडैम में पारंपरिक विंडमिल्स, वुडेन शू फैक्ट्री और हैइनेकेन एक्सपीरिएंस की सैर शामिल थी। विश्व प्रसिद्ध बीयर की ब्रांड हैइनेकेन से जुड़ी हैइनेकेन एक्सपीरिएंस में 4 मंजिला म्यूजियम में सभी ने घूमकर बीयर उत्पादन से संबंधित डिस्प्ले को देखा। वहीं हेग शहर में सभी ने खूबसूरत समुद्रतट पर समय बिताया। हेग में स्थित माडूरोडैम मिनिएचर पार्क भी घूमने गए जहॉ असली आकार से 25 गुणा छोटे आकार में बने मॉडल्स द्वारा डच संस्कृति और इतिहास की झलकी ने सबका मन मोह लिया। यूरोप टूर से सभी कभी ना भुलने वाली यादें लेकर वापस आए।



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.10.2016









# कामधेनु एजीएम में दिखा आत्मविश्वास और उत्साह

अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर कंपनी, कामधेनु लिमिटेड भारतीय और ओवरसीज बाज़ारों में उचित कीमत पर अत्याधुनिक उत्पाद प्रतिबद्धता के साथ उपलब्ध करा रही है। कंपनी की यह प्रतिबद्धता मैन्यूफैक्चरिंग, मार्केटिंग, ब्रांडिंग एवं डिस्ट्रीब्यूशन जैसे प्रत्येक काम में झलकती है। स्थापना से लेकर अब तक के 21 वर्ष में कंपनी लगातार लाभ में रही है और विकास कर रही है। आज ब्रांड कामधेनु गुणवत्ता, आविष्कार और भरोसे की अनूठी मिसाल कायम करते हुए देश भर के और विदेशी बाज़ारों में मज़बूत पकड़ बना चुकी है। कामधेनु लिमिटेड बीएसई तथा एनएसई जैसे शेयर सूचकांकों में लिस्टेड एक ISO 9001:2008 प्रमाणित कंपनी है, जो वर्तमान में टीएमटी रिबार, स्ट्रक्चरल स्टील, कलर कोटेड रूफिंग शीट्स, वायरबौंड, सजावटी पेंट तथा प्लाइवुड जैसे विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में महत्वपूर्ण बाज़ार हिस्सेदारी रखती है।

27 सितंबर, 2016 को शेयरधारकों, कंपनी पदाधिकारियों, सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, निदेशकगण श्री सुनील अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल और सचिन अग्रवाल एवं सीएफओ श्री हरीश अग्रवाल की उपस्थिति में कंपनी के वार्षिक सामान्य बैठक यानि एजीएम का आयोजन हुआ। शेयरधारकों का स्वागत करने के बाद अपने संबोधन के दौरान सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, ''विश्वस्तर पर हमारे महत्व को स्वीकार करते हुए पिछले साल में कामधेनु लिमिटेड को लगातार दो ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर; दुबई में **वर्ल्डस् ग्रेटेस्ट ब्रांड 2015 अवार्ड** एवं बैंकाक में **एशियाज मोस्ट प्रौमिसिंग ब्रांड 2016 अवार्ड** से नवाजा गया है। इन दोनों अवार्ड्स मिलने के कुछ महीने बाद ही ब्रांड कामधेनु की देशव्यापी लोकप्रियता और मज़बूत बाज़ार पकड़ को देखते हुए इसे **इंडियन पावर ब्रांड 2016** के ख़िताब से सम्मानित किया गया है।''

अपनी बात को आगे रखते हुए उन्होंने जानकारी दी कि, ''कामधेनु लिमिटेड पिछले कई सालों से टीएमटी रिबार सेग्मेंट में नम्बर वन की पोजीशन पर बना हुआ है। हम सजावटी पेंट के क्षेत्र में भी पूरी ताक़त से अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में जुटे हैं। इस वर्ष हमने बहुत ही प्रभावी कैंपेन **'छुपाओ नहीं सुधारो'** लॉंच किया है और देश भर के पेंट उपभोक्ताओं का ध्यान खींचने में सफलता पाई है। कामधेनु कलर डिस्पेंसिंग मशीन एवं कामधेनु डिजायनर गैलरी सरीखे उपभोक्ता–हितैषी समाधानों तथा वुड कोटिंग और वाल कोटिंग की नई श्रेणी को लॉंच करके हमने अपना सेल्स और मार्केट साइज़ बढ़ाने की ओर कई क़दम बढ़ाए हैं।''

नए उत्पाद श्रेणियों और उनके भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''कलर कोटेड रूफिंग शीट्स की हमारी नई प्रोडक्ट रेंज कामधेनु कलर मैक्स ने अपने बेहतरीन फीचर्स के बल पर सभी महत्वपूर्ण बाज़ारों में तेजी से बढ़त बनायी है। स्ट्रक्चरल स्टील के क्षेत्र में बीस वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ हमने विभिन्न बड़े बाज़ारों में प्री–इंजीनियर्ड बिल्डिंग समाधान उपलब्ध कराने की सफल शुरूआत की है।''

बाज़ार परिस्थितियों के बीच कंपनी की वर्तमान स्थिति की जानकारी देते हुए सीएफओ श्री हरीश अग्रवाल ने कहा, ''आप सभी पिछले कुछ वर्षों से स्थानीय तथा विश्व बाज़ार में निर्माण सामग्रियों की मॉंग को प्रभावित कर रही बाज़ार चुनौतियों से वाक़िफ ही होंगे। कामधेनु लिमिटेड ने बाज़ार मंदी के दौर में प्रभावी तरीक़े से अपने खर्च में कटौती की है। इसीलिए कम बिक्री के बावजूद कंपनी ने अपने लाभ को बरकरार रखा है। बेहतरीन गुणवत्ता और बेजोड़ ब्रांड इक्विटी के दम पर आज कामधेनु की ब्रांड वैल्यू 8000 करोड़ से अधिक हो चुकी है। कंपनी के चहुँमुखी विकास को दर्शाते हुए आज हमारे फ्रेंचाइजी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिटों की संख्या 60 तक पहुँच चुकी है और देश भर में कामधेनु डीलर्स की संख्या 8,500 के पार जा चुकी है।''

कंपनी की आर्थिक स्थिति, वर्तमान परिस्थिति और भावी योजनाओं से शेयरधारकों को अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित एजीएम का माहौल उत्साह और आत्मविश्वास से भरा हुआ था। वैश्विक मंदी और निर्माण सामग्री बाज़ार में उतार के बीच कामधेनु लिमिटेड द्वारा अपने विकास दर और लाभ को बनाये रखने की उपलब्धि पर सभी लोग प्रसन्न और संतुष्ट दिखे।




मेसर्स जय अम्बे ट्रेडर्स,
रेलवे रोड,
दादरी,
ग़ाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश ।

मेसर्स कँवर सेन अजय कुमार,
मेन लोनी रोड,
लोनी,
ग़ाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश ।




Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com